# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक– 15.02.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रांची में बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में लिया भाग, कहा– विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका।

2. सुप्रीम कोर्ट धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर 21 फरवरी को करेगा सुनवाई।

3. नशे की खेती के खिलाफ चलाये जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता, लातेहार में ऑपरेशन ग्रीन के तहत 80 एकड़ में लगी अफीम की खेती की गई नष्ट।

4. झारखंड कांग्रेस के नये प्रदेश प्रभारी बनाये गये पूर्व आईएएस अधिकारी के. राजू, गुलाम अहमद मीर की लेंगे जगह।
5. जमशेदपुर में कल से आठ दिवसीय स्काय डाइविंग महोत्सव की होगी शुरुआत, राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार करेंगे उदघाटन।।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय रांची दौरे के आखिरी दिन आज बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने बीआइटी मेसरा की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए कहा कि आज महिलाएं भी तकनीक के क्षेत्र में आगे आ रही हैं। उन्होंने विकसित भारत के लक्ष्य को हासिल करने में युवाओं की भूमिका का भी उल्लेख किया।

कार्यक्रम को राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि नये भारत में लड़कियां शिक्षा के क्षेत्र में लड़कों से बेहतर प्रदर्शन कर रही हैं।

हमारी संवाददाता ने बताया है कि बीआईटी मेसरा के प्लेटिनम जुबली समारोह में राष्ट्रपति करीब एक घंटे तक रुकीं। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में महिला शिक्षा और एआई को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

********************

सुप्रीम कोर्ट धनबाद में कोयला चोरी और इसमें पुलिस संलिप्तता की सीबीआई जांच के झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर 21 फरवरी को सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट के मुताबिक न्यायाधीश जस्टिस संदीप मेहता की बेंच में यह मामला 21 तारीख को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध है। इस मामले में सीबीआई की ओर से जवाब दाखिल कर दिया गया है।

********************

लातेहार पुलिस ने नशा कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर पुलिस की टीम ने 80 एकड़ में लगी अफीम की खेती को नष्ट किया है। पुलिस ने लातेहार जिले के हेरहंज और बरियातू थाना क्षेत्र में अफीम की खेती नष्ट की है।

********************

पूर्व आईएएस अधिकारी के. राजू को झारखंड कांग्रेस का नया प्रभारी बनाया गया है। वे गुलाम अहमद मीर की जगह लेंगे। कांग्रेस के महासचिव केसी वेणुगोपाल द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी की गयी है। कांग्रेस ने झारखंड समेत नौ राज्यों के प्रदेश प्रभारी बदले हैं।

********************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कल नई दिल्ली के मेजर ध्यानचन्द स्टेडियम में आदि महोत्सव–2025 का उद्‌घाटन करेंगी। यह महोत्सव जनजातीय समुदायों की उद्यमिता, हस्तशिल्प, संस्कृति और खान–पान तथा वाणिज्यिक जनजीवन को लोगों से परिचित कराता है। नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में जनजातीय कार्य राज्य मंत्री दुर्गादास उइके ने बताया कि महोत्सव जनजातीय शिल्पकारों और उद्यमियों को अपने उत्पादों और कृतियों को विभिन्न राज्यों के समक्ष प्रदर्शन करने का अवसर प्रदान करता है।

********************

बोकारो पुलिस अपराध रोकने के लिए अभियान चला रही है।

********************

उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले में करीब पंद्रह हजार सफाई कर्मचारी आज एक साथ सबसे बडे सफाई अभियान में भाग लेकर विश्व रिकॉर्ड बनाएंगे। इससे पहले कल महाकुंभ में दो शानदार विश्व रिकॉर्ड बने।

********************

औद्योगिक नगरी जमशेदपुर में कल से आठ दिवसीय स्काय डाइविंग महोत्सव की शुरुआत होगी। 23 फरवरी तक चलने वाले इस महोत्सव का उदघाटन राज्य के पर्यटन मंत्री सुदिव्य कुमार दिन के साढ़े दस बजे करेंगे। यह राज्य में टूरिज्म को बढ़ावा देने के प्रयासों का एक हिस्सा है।

********************